Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

# अध्याय - 1| भारत की भौगोलिक विविधता

QUIZ PART-02

1. भारत पहले किस भूभाग का हिस्सा (था?
   A. लॉरेशिया
   B. गोंडवाना
   C. यूरेशिया
   D. पैंजिया (B)

*व्याख्या :* भारत प्राचीन काल में गोंडवाना भूभाग का हिस्सा था।

2. हिमालय का निर्माण किस प्लेट के टकराव से हुआ?
   A. भारतीय और अफ्रीकी प्लेट
   B. भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई प्लेट
   C. भारतीय और यूरेशिया प्लेट
   D. अफ्रीकी और यूरेशिया प्लेट (C)

*व्याख्या :* भारतीय प्लेट के यूरेशिया प्लेट से टकराने पर हिमालय का निर्माण हुआ।

3. हिमालय की वृद्धि प्रतिवर्ष लगभग कितनी होती है?
   A. 5 सेंटीमीटर
   B. 5 मीटर
   C. 5 मिलीमीटर
   D. 10 मिलीमीटर (C)

*व्याख्या :* हिमालय आज भी प्रति वर्ष लगभग 5 मिमी बढ़ रहा है।

4. हिमालय की सबसे ऊँची श्रेणी कौन-सी है?
   A. शिवालिक
   B. हिमाचल
   C. हिमाद्री
   D. अरावली (C)

*व्याख्या :* हिमाद्री को वृहत हिमालय भी कहा जाता है और यह सबसे ऊँची श्रेणी है।

5. माउंट एवरेस्ट किस श्रेणी में स्थित है?
   A. हिमाचल B. शिवालिक
   C. हिमाद्री D. अरावली (C)

*व्याख्या :* माउंट एवरेस्ट हिमाद्री श्रेणी में स्थित है।

6. निम्न में से कौन-सा हिल स्टेशन हिमाचल श्रेणी में स्थित है?
   A. जैसलमेर
   B. नैनीताल
   C. पुरी
   D. अजमेर (B)

*व्याख्या :* नैनीताल हिमाचल श्रेणी का प्रसिद्ध हिल स्टेशन है।

7. शिवालिक श्रेणी की प्रमुख विशेषता क्या है?
   A. सबसे ऊँची चोटियाँ
   B. घने जंगल और वन्यजीव
   C. ज्वालामुखी पर्वत
   D. बर्फ रहित क्षेत्र (B)

*व्याख्या :* शिवालिक क्षेत्र वन्यजीवों और जंगलों से समृद्ध है।

8. पारंपरिक 'काठ-कुनी' शैली का उपयोग किस कार्य में होता है?
   A. खेती
   B. परिवहन
   C. गृह निर्माण
   D. सिंचाई (C)

*व्याख्या :* काठ-कुनी पारंपरिक घर बनाने की शैली है।

9. भारत का शीत मरुस्थल कौन-सा है?
   A. राजस्थान
   B. लद्दाख
   C. गुजरात
   D. कच्छ (B)

*व्याख्या :* लद्दाख को भारत का शीत मरुस्थल कहा जाता है।

10. लद्दाख की प्रसिद्ध झील कौन-सी है?
    A. चिल्का
    B. वुलर
    C. पैंगोंग त्सो
    D. सांभर (C)

*व्याख्या :* पैंगोंग त्सो लद्दाख की प्रसिद्ध झील है।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App